तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

कोरबा वन मंडल के पहाड़ों में एक लाख से अधिक सीड बाल से तैयार होंगे पौधे
2

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड
(रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

खबर संक्षेप

ग्राम करही में पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ होगा आज

बिर्रा। बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की गंभीरता को देखते हुए तथा शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ 5 जून को शाम 4 बजे पुलिस अधीक्षक द्वय जांजगीर चाम्पा एवं सक्ति द्वारा समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में किया जाएगा। यह पुलिस सहायता केंद्र आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए खोला जा रहा है।

विश्व सायकल दिवसः 7 को रैली का होगा आयोजन

जांजगीर-चांपा। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विश्व सायकल दिवस के अवसर पर 7 जून को प्रातः 6.30 बजे से जिले में सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। सायकल रैली हाई स्कूल मैदान जांजगीर से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, नेताजी चौक, लिंक रोड एवं बीटीआई अटल चौक होते हुए पुनः हाई स्कूल मैदान जांजगीर में समाप्त होगी। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने बताया कि फिटनेस को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से आयोजित इस सायकल रैली का आयोजन रखा गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस आज जल संरक्षण तथा स्थानीय जल स्रोतों पर होगी चर्चा

जांजगीर-चांपा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्कीकरण, जैविक कचरे से खाद निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल संरक्षण तथा स्थानीय जल स्रोतों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

अनुज्ञा पत्र कटने के बाद ट्रक चालक धान का कर रहे उठाव

मालखरौदा। कृषि उपज मंडी समिति द्वारा धान के लिए अनुज्ञा पत्र जारी किया गया है। ऑनलाइन अनुज्ञा पत्र काटने से अब व्यापारी स्वयं ही अनुज्ञा पत्र काटकर ट्रक चालकों को दे रहे है। कृषि उपज मंडी समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जून को क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा 12 ट्रक कुल 3606 क्विंटल 70 किलो धान के लिए अनुज्ञा पत्र जारी किया गया है ऑनलाइन अनुज्ञा पत्र काटने से अब व्यापारी स्वयं ही अनुज्ञा पत्र काटकर ट्रक चालकों को दे रहे हैं जिससे कि मंडी निरीक्षक को जांच के समय इसे प्रस्तुत किया जा सके वही अनुज्ञा पत्र कटने के दिन ही ट्रक धान का उठाव कर परिवहन कर रहे हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चारपारा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा के ग्राम चारपारा में महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित बेटी बचाओं बेटी पढाओं कार्यक्रम अंतर्गत ग्लोबल डे ऑफ पैरेन्ट्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सशक्त बनाने के साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

नगर पंचायत के पहले चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत

बम्हनीडीह में लहराया भगवा परचम अध्यक्ष समेत 11 पार्षद जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के चुनाव में भाजपा ने कब्जा जमाया। भाजपा के रमेश डडसेना नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं 15 वार्ड में से 11 में बीजेपी पार्षद जीते। कांग्रेस के 3 पार्षद निर्वाचित हुए और 1 निर्दलीय पार्षद को जीत मिली। भाजपा ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

जांजगीर चाम्पा जिला के बम्हनीडीह नगर पंचायत में प्रथम चुनाव के बाद 4 जून को परिणाम घोषित हो गया। ग्राम पंचायत से उन्नयन कर बम्हनीडीह को 4 नवंबर 2024 को नगर पंचायत बनाया गया। नगर पंचायत के प्रथम चुनाव के लिए 1 जून को मतदान हुआ। अध्यक्ष की कुर्सी के लिए भाजपा के रमेश डडसेना और कांग्रेस के रामलाल सहारे समेत 5 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। वहीं 15 वार्ड के पार्षद पद के लिए 49 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे। अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव करने 92 प्रतिशत मतदाताओ ने मतधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद 4 जून को तहसील कार्यालय के स्ट्रांग रूम में मतगणना हुई। तीन राउंड में हुई गिनती के बाद बीजेपी के रमेश डडसेना अध्यक्ष निर्वाचित हुए। कांग्रेस के रामलाल सहारे को बीजेपी के रमेश डडसेना ने 789 वोट के अंतर से शिकश्त दी। रमेश डडसेना ने 1972 वोट हासिल किए। वहीं रामलाल सहारे को 1183 वोट मिले। आम आदमी पार्टी और दो निर्दलीय प्रत्याशी 500 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे माधव प्रसाद डडसेना 163 वोट ही जुटा सके। वहीं पूर्णिमा कश्यप को 403 वोट और राजकुमार पटेल को 306 वोट से ही संतोष करना पड़ा। इधर नोटा में भी 17 वोट पड़े। अध्यक्ष और पार्षदों के चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद निर्वाचन अधिकारी ने प्रमाण पत्र का वितरण किया।

जीत के बाद खुशी जाहिर करते रमेश डनसेना एवं उनके समर्थक।

जनता के विश्वास की जीत : डडसेना

बम्हनीडीह नगर पंचायत में पहली बार अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव हुआ। इस सीट पर कब्जा पाने कांग्रेस और भाजपा दोनों हो पार्टी दम लगा रही थीं। कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने बम्हनीडीह मे रोड शो और सभा की थी। नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश डडसेना ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताते हुए बम्हनीडीह का सर्वांगीण विकास करने के दावा किया। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा के सुशासन पर भरोसा जताया है। साथ ही उन्होंने नगर के अंतिम छोर तक शासन की

एक निर्दलीय पार्षद की जीत

नगर पंचायत बम्हनीडीह में भाजपा की ऐसी लहर चली कि 15 में से 11 वार्ड में बीजेपी के पार्षद निर्वाचित हुए। कांग्रेस के महज 3 पार्षद ही जीत सके। बीजेपी की इस लहर के बीच वार्ड क्रमांक 5 में निर्दलीय प्रत्याशी अंजलि सराफ पार्षद निर्वाचित हुई। इस वार्ड में कुल 3 प्रत्याशी मैदान में थे। अंजलि सराफ को 140 वोट मिले। वहीं निकटतम प्रत्याशी लता सराफ 126 वोट तो अनुराधा सोनी 19 वोट ही जुटा सकी।

15 ट्रेनों की जांच, 394 मामलों में बेटिकट यात्रियों पर लगा सवा दो लाख का जुर्माना

14 तक चलाया जाएगा विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले चांपा रेलवे स्टेशन में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच 15 ट्रेनों की जांच की गई। जिसके तहत बेटिकट रेल यात्री पाए जाने के 394 मामलों में इन यात्रियों पर 2 लाख 34 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। विशेष चेकिंग अभियान 14 जून तक चलेगा।

गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा टिकटधारी यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने, यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से 21 मई से 14 जून तक विशेष "नाका टिकट चेकिंग अभियान" चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार 3 जून 2026 को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस. भारतीयन के नेतृत्व में मंडल के चांपा स्टेशन में विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक, टीटीई एवं आरपीएफ स्टाफ भी शामिल थे।

यात्रियों की टिकट जांच करते रेल कर्मचारी।

इस विशेष जांच अभियान के दौरान चांपा स्टेशन एवं यहाँ से गुजरने वाली 15 ट्रेनों की सघन जांच कर कुल 394 मामलों से कुल 2 लाख 34 हजार 865 रुपये का जुर्माना वसूला किया गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा के 228 मामलों से 1 लाख 52 हजार 475 रुपये, अनियमित टिकट के 159 मामलों से 81 हजार 690 रुपये, बिना बुक किए गए लगेज के 7 मामलों से 7 सौ रुपये जुर्माना किया गया। बहरहाल रेलवे की इस सघन जांच और जुर्माने की कार्रवाई को लेकर बेटिकट यात्रा करने वालों में हडकंप मचा रहा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से विधिवत टिकट लेकर यात्रा करने तथा प्लेटफार्म में रूकने पर प्लेटफार्म टिकट लेने की अपील की है।

चांपा में चोरी की वारदात, पुलिस के साथ जांच के लिए पहुंची एफएसएल टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में दो दिन पूर्व हुई चोरी की बड़ी वारदात की जांच अब वैज्ञानिक तरीके से शुरू कर दी गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने

- चांपा शहर के चौपाटी के पास की घटना, अज्ञात चोरों ने पार किया 6 लाख का माल

घर में जांच करने पहुंची एफएसएल की टीम।

की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने घर में रखे सोने चांदी के जेवरात नगदी समेत करीब 6 लाख का माल पार कर दिया। जिसकी जांच की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चौपाटी के पास के रहवासी अशोक स्वर्णकार के घर में चोरों ने एक सूने मकान का फायदा उठा कर निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के मुताबिक अज्ञात चोर घर में रखे महंगे सामान और सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम लेकर फरार हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी से लगभग 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले को एफएसएल वाहन उपलब्ध कराए जाने के बाद यह पहला मामला है, जिसमें घटना स्थल पर पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच की है। एफएसएल अधिकारियों ने मौके से विभिन्न साक्ष्य एकत्रित किए और सामानों पर फिंगरप्रिंट सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों की तलाश की। टीम घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं का वैज्ञानिक विश्लेषण कर रही है, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सके। पुलिस का मानना है कि फॉरेंसिक जांच से चोरी की इस वारदात के खुलासे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। मौके पर चांपा एसडीओपी योगिता बाली खापर्डे, एफएसएल की प्रभारी सृष्टि राय, थाना प्रभारी अशोक वैष्णव सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि चोरी की घटना जिस दिन हुई, उस दौरान प्रार्थी अशोक कुमार एवं उनके परिजन घर से बाहर थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर सूने मकान से सोने चांदी के जेवरात नगदी समेत 6 लाख का माल पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने चांपा थाने में दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर स्थानीय पुलिस के साथ एफएसएल की टीम जांच में जुटी हुई है।

डीएलएड की परीक्षा में 1 हजार 256 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल 5 हजार 569 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए थे। जिसके तहत 4 हजार 313 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 1 हजार 256 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

गौरतलब है कि गुरूवार 4 जून को डीएलएड परीक्षा का आयोजन व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा किया गया। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:15 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा जांजगीर चांपा जिले के 19 केन्द्रों में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में शामिल 5 हजार 569 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए थे।

डीएलएड की परीक्षा देते अभ्यर्थी।

जिसके तहत 4 हजार 313 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 1 हजार 256 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 9.30 बजे बंद कर दिया था। परीक्षा के दौरान केन्द्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित किया जा सके। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा पहुंचे थे। डीएलएड परीक्षा को लेकर गुरूवार 4 जून को जिला मुख्यालय जांजगीर के विभिन्न जगहों पर काफी चहल पहल देखी गई। परीक्षा होने के आधा घंटा पूर्व केन्द्र के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था। डीएलएड की परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, सामान्य अध्ययन, भौतिक रसायन सहित अन्य प्रमुख विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसके लिए अफसरों की ड्यूटी भी परीक्षा केन्द्रों में लगाई गई थी। परीक्षा होने के बाद उत्तर पुस्तिका को कड़ी सुरक्षा के बीच ले जाया गया। परीक्षा को लेकर शहर में सुबह से ही भीड़ देखी गई।

भाजयुमो अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य से गाली-गलौज का आरोप

चांपा। शहर की राजनीति और पुलिस महकमे में उस समय हलचल मच गई जब भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष लव देवांगन अपने साथी भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिविजय सिंह के साथ आपसी समझौते के लिये थाना पहुंचे थे। इस बीच उनके साथ धक्का मुक्की एवं मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि थाना चौक निवासी मन्नू चौहान, सहस राय चौहान, विष्णु चौहान एवं करण चौहान ने थाना परिसर में लव देवांगन के साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार, लव देवांगन एक महिला की सहायता के सिलसिले में आपसी समझौते के लिये अपने साथी के साथ चांपा थाना पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने थाना परिसर में ही उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, धक्का-मुक्की की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

तीन सालों से एक ही स्थान पर जमे 80 पुलिस कर्मचारियों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से एक ही स्थानों पर तीन सालों पर पदस्थ 80 पुलिस कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है।

कर्मचारियों का तबादला आदेश पुलिस कप्तान द्वारा किया गया है। 3 वर्ष से एक स्थान थाना व चौकी/ यातायात में तैनात कर्मचारियों को अलग -अलग थाना चौकी में पदस्थापना किया गया है। सबसे ज्यादा 03 साल से ऊपर पदस्थ रहे, यातायात शाखा से 23 कर्मचारियों का जिले के थाना व चौकी एवं करही में पदस्थापना किया गया। बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही पुलिस सहायता के लिए अलग से प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों का पदस्थापना किया गया। जांजगीर चांपा जिले में कानून -व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चांपा विजय कुमार पाण्डेय द्वारा व्यापक स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कुल 80 प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किया गया है। तीन वर्ष से अधिक समय से एक स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का स्थानांतरण स्थानांतरण आदेश के तहत ऐसे पुलिस कर्मचारियों को प्राथमिकता

से स्थानांतरित किया गया है, जो तीन वर्ष अथवा उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ थे। इस कदम का उद्देश्य कार्य में पारदर्शिता, दक्षता एवं प्रशासनिक संतुलन बनाए रखना है। यातायात शाखा के कर्मचारियों की थानों में पदस्थापना पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात शाखा में पदस्थ कर्मचारियों को विभिन्न थानों में पदस्थ किया गया है। इससे थाना स्तर पर पुलिस बल की उपलब्धता बढ़ेगी तथा कानून- व्यवस्था संबंधी कार्यों में और अधिक मजबूती आएगी, तथा थाना चौकी में पदस्थ कर्मचारीयो को यातायात शाखा में पदस्थ किया गया है। ग्राम करही में पुलिस सहायता के लिए अलग से व्यवस्था ग्राम करही में शुक्रवार 5 जून को पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम करही में पृथक रूप से पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

माउंट के 8 हजार 848 मीटर की कठिन चढ़ाई में पाई थी सफलता

एवरेस्ट फतह करने के बाद स्वस्थ होकर घर लौटी अमिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

माउंट एवरेस्ट विजेता अमिता श्रीवास गुरुवार को अपने घर लौटी। माउन्ट एवरेस्ट फतह करने के बाद उनकी तबियत बिगड़ी थी। काठमांडू में उपचार के बाद स्वस्थ होकर वह घर लौटी। चाम्पा में नगरवासियों ने गर्मजोशी से अमिता का स्वागत किया।

चाम्पा शहर की बेटी अमिता श्रीवास विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने के बाद 4 जून को अपने घर लौटी। एवरेस्ट पर 22 मई को तिरंगा फहराने के बाद वापसी में उनकी तबियत बिगड गई थी। समिट के बाद बेस कैंप लौटने के दौरान अत्यधिक ऊंचाई पर शून्य

घर पहुंचने पर अमिता का स्वागत करते नगरवासी व परिजन।

से लगभग 40 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान और ऑक्सीजन की कमी के कारण अमिता श्रीवास की तबीयत बिगडी थी। हेलीकॉप्टर के माध्यम से रेस्क्यू कर 24 मई को उनको काठमांडू नेपाल के नॉर्विक इंटरनेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अमिता को फ्रॉस्टबाइट एवं हाई एल्टीट्यूड संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं हुई थी। काठमांडू में उपचार के बाद स्वस्थ होकर अमिता 4 जून को अपने घर लौटी। अमिता ने माउंट एवरेस्ट की 8 हजार 8 सौ 48 मीटर की कठिन चढ़ाई पूरी कर जांजगीर चाम्पा का गौरव बढ़ाया है। माउन्ट एवरेस्ट विजेता अमिता का कहना है कि उन्होंने 8 साल पहले माउंट एवरेस्ट विजेता बनने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि एवरेस्ट की चढ़ाई काफी जोखिम भरी है, और इस उपलब्धि को पाने में उन्हें 40 दिन लग गए। उसकी तबियत बिगड़ी तब सीएम और कलेक्टर फोन के माध्यम से लगातार खैरियत की खबर ले रहे थे। अमिता अब आगे क़ी तैयारी में जुट गई है। उनका कहना है कि 7 महाद्वीप में से 2 ही फतह की है। अभी 5 चोटी फतह करना बाकी है। ग्रुप के दो सदस्यो की गई जान अमिता ने बताया कि एवरेस्ट फतह करने में काफी जोखिम होता है। उनका 8 सदस्यों का ग्रुप था, जिसमें से 2 की मौत मिशन के दौरान हो गई। उन्होंने बताया कि जरा सी चूक से जान का खतरा होता है। जैसे जैसे ऊपर चढ़ते हैं, वैसे वैसे ऑक्सीजन लेवल कम होने से सांस लेने में तकलीफ होती है। ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ता है। अमिता ने कहा कि सुरक्षित वापस आने पर ही एवरेस्ट फतह माना जाता है।

खबर संक्षेप

किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसानों को बनाया जा रहा सशक्त

कोरबा। छग शासन की किसान हितैषी नीतियों के तहत जिले में किसानों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना का सुचारू संचालन किया जा रहा है। जिले में 60 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का एक मजबूत नेटवर्क कार्यरत है। इन समितियों के माध्यम से जिले के 55 हजार 841 किसान क्रेडिट कार्ड धारक सीधे जुड़े हुए हैं। समितियों द्वारा किसानों को खरीफ और रबी फसलों के लिए खाद, उन्नत बीज और नगद ऋण का वितरण बिना किसी ब्याज के समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले के पंजीकृत किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

आईटीआई पाली में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 तक

कोरबा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में संचालित एनसीव्हीटी व्यवसाय कोपा-48 सीट,वेल्डर-40 सीट, मोटर मेकेनिक-24 सीट,फिटर-20 सीट, विद्युतकार-20 सीट में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून है। इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर विवरणिका का भली-भांती अवलोकन कर पात्रतानुसार आवेदन कर सकते हैं।

विभिन्न पदों पर भर्ती हेत पात्र अपात्र की सूची जारी

कोरबा। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु 27 फरवरीतक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गये थे। उक्त पदों लिये पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल एवं जिला के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना दावा आपत्ति संबंधी आवेदन हेतु 8 जून तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक, कोरियर के माध्यम से शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छात्राओं ने साइकिल रैली द्वारा सन्देश देते हुए शहर का किया भ्रमण

कोरबा। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सविता पाठक व शिवकुमार साहू की संगठन व्यवस्था में प्रेरक नारों का वाचन करते हुए स्वयंसेवकों ने शहर का भ्रमण किया। सर्वप्रथम शासकीय साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित स्वयंसेवकों को फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज को चरितार्थ करते हुए पीटी व्यायाम व खड़े होकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी ने सन 1817 में प्रथम साइकिल निर्माण का इतिहास, सतत अनुसंधान व सुधार, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा साइकिल दिवस मनाए जाने की आवश्यकता व इस वर्ष के थीम की थीम हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना की जानकारी प्रदान कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया ।

कोरबा वन मंडल के पहाड़ों में एक लाख से अधिक सीड बाल से तैयार होंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल्द ही मानसून देने वाला है और वन विभाग जंगल में पौधरोपण की तैयारी में जुटा हुआ है। इस बार कोरबा वन मंडल ने इस मानसून में जिले के पहाड़ी और दुर्गम इलाकों को हरा-भरा करने की बड़ी तैयारी की है। वन विभाग इस वर्ष लगभग 1 लाख से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण सीड बॉल पद्धति से करेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मंडल के बालको, लेमरू, करतला सहित अन्य रेंज के कई ऐसे इलाके हैं जहां ज्यादातर पहाड़ी इलाका है। इन पहाड़ों को कैसे हरा भरा बनाया जा सके इस विषय पर कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर वन विभाग की टीम सीड बाल पद्धति से रोपण किया जाएगा। जिसके लिए वन विभाग ने अपनी रोपणी में तैयारी पूरी कर ली है। जून के अंतिम सप्ताह में जैसे ही मानसून दस्तक देगा वन विभाग की टीम जंगलों में पहुंचेगी।

कोरबा वन मंडल के विभिन्न रेंज में की गई है तैयारी

खास बातें

- मानसून के दस्तक के साथ ही फेंका जाएगा सीड बाल
- बालको, लेमरु, करतला रेंज में किया जाता है उपयोग

शुरू होगा रोपण कार्य

कोरबा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में पहाड़ों पर पौधरोपण करने के लिए सीड बाल पद्धति से लगभग 1 लाख से अधिक सीड बाल फेंके जाएंगे। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी कर ली है। मानसून के दस्तक देते ही सीड बाल से पौधरोपण कराया जाएगा।

-एसके सोनी, एसडीओ, वन मंडल कोरबा

क्या है सीड बॉल पद्धति

एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरबा वन मंडल में लगभग एक लाख से अधिक सीड बाल के माध्यम से पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीड बॉल यानी बीज की गोली। इसमें मिट्टी, खाद और बीज को मिलाकर छोटी-छोटी गेंदें बनाई गई है। मानसून से पहले इन गेंदों को पहाड़ों, बंजर जमीन और उन जगहों पर फेंक दिया जाता है जहां आम तरीके से पौधे लगाना मुश्किल होता है। बारिश होते ही ये गेंदें फूटती हैं और बीज अंकुरित होकर पौधा बन जाते हैं। इस बार लेमरू, करतला, पसरखेत, कुदमुरा सहित अन्य रेंज में पहाड़ी क्षेत्रों को टारगेट किया गया है। ये इलाके खनन और कटाई के कारण बंजर हो चुके हैं। सीड बॉल से वहां हरियाली लौटाने की कोशिश होगी।

मामला पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा के अंकसूची का

अंकसूची में निकली गलतियां, अब तक नहीं हुआ छात्रों को वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची में व्याप्त गलतियों के कारण छात्र छात्राओं को अब तक अंकसूची का वितरण नहीं हो सका है। जबकि परिणाम को घोषित हुए एक माह का समय बीत चुका है। ऐसे में 16 जून से शुरु हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के समय प्रवेश को लेकर छात्रों व अभिभावकों के सामने तकनीकी समस्या खड़ी हो सकती है। शिक्षा विभाग एक सप्ताह में अंकसूची वितरण की बात कहता है।

खास बात

- एक माह हो चुका है परिणाम घोषित हुए

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा इस वर्ष केंद्रीयकृत परीक्षा के रुप में हुई थी जिनका परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित किए गए थे उसमें भी अधिकांश निजी स्कूलों तक आठवीं के परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी नहीं पहुंची थी। जिससे आठवीं की परीक्षा परिणाम को लेकर अभिभावकों को इंतजार बना हुआ था। मई महीने के पहले सप्ताह में जब निजी स्कूलों तक परिणाम की घोषणा की जानकारी पहुंची तो तब छात्रों को परिणाम की अधिकृत घोषणा की। उसके बाद से अब तक लगभग एक माह का समय बीत रहा है दोनों ही कक्षाओं के अंकसूची छात्र छात्राओं को अप्राप्त है। जबकि स्कूल शुरु होने को 12 दिन शेष है 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव शुरु हो जाएगी और इस दिन से निजी और शासकीय स्कूलों में प्रवेश का दौर भी शुरु हो जाएगा। अभिभावकों के सामने प्रवेश को लेकर अंकसूची नहीं मिलने के कारण आने वाली तकनीकी समस्या से जूझना पड़ रहा है। कुछ अभिभावक निजी स्कूलों से शासकीय स्कूलों में बच्चों का प्रवेश कराना चाह रहे हैं किंतु शाला प्रवेश उत्सव तक अंक सूची का वितरण हो सकेगा कि नहीं इसको लेकर उनमें अनिश्चिता का माहौल बना हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग का इस संबंध में कहना है कि दोनों बोर्ड परीक्षा की अंकसूची में तमाम तरह की गलती व्याप्त थी जिनके सुधार कार्य को लेकर समय लगने की वजह से अंकसूची के वितरण में विलंब हो रहा है।

फाइल फोटो

बीते वर्ष भी देर से मिली थी अंकसूची

बीते वर्ष भी पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के अंकसूची का वितरण देर से हुआ था उसे लेकर भी यहीं कारण बताया गया था कि अंकसूची में छात्रों के नाम, पिता का नाम, सरनेम एवं अन्य तकनीकी गलतियां नजर आयी थी। जिनके सुधार का कार्य किये जाने के बाद अंकसूची का वितरण हुआ और 15 जून तक अंकसूची का वितरण होते रहा। बार बार अंकसूची में आ रही तकनीकी गलतियों का सुधार नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बोर्ड परीक्षा होने के कारण दोनों कक्षाओं की अंकसूची महत्वपूर्ण हो गई है।

एक सप्ताह में होगा वितरण

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के अंकसूची में गलतियां थी जिनके सुधार कार्य में समय लग रहा है। एक सप्ताह के अंदर वितरण कार्य शुरु हो जाएगा। अगर किसी छात्र को जिले से बाहर प्रवेश लेना है तो निजी स्कूल प्रबंधन के पास अंकों की मौजूद सूची के आधार पर प्रमाण पत्र दे सकते हैं जिसे शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सत्यापन कराकर कहीं भी प्रवेश ले सकते हैं।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

झूठे आश्वासनों से सर्वमंगला क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

जिला प्रशासन और ग्रामीणों के मध्य बातचीत होती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित ऐतिहासिक प्राचीन रानी गुफा एवं हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार तथा धूल-मिट्टी की सफाई न होने से नाराज दर्जनों ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और निगम को आंदोलन की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि दो दिवस के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो आगामी 5 जून को खैरभवना में आयोजित होने वाले शासकीय सुशासन तिहार का कड़ा विरोध और सामूहिक घेराव किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

खास बात

- 5 जून को आयोजित सुशासन तिहार का करेंगे विरोध, कलेक्टर व निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वे अपनी इस जायज मांग को लेकर लगातार शांतिपूर्ण धरना और आंदोलन करते आ रहे हैं। दो वर्ष पूर्व रेलवे पुल निर्माण की ठेका कंपनी द्वारा क्षेत्र के आस्था के प्रमुख केंद्र रानी गुफा और हनुमान मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया था तत्कालीन पटवारी नम्रता राजवाड़े द्वारा इस स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा भी तैयार किया गया था इसके बाद कई तहसीलदारों और तत्कालीन एसडीएम रोहित सिंह ने स्वयं मौके पर आकर जीर्णोद्धार का ठोस आश्वासन दिया था परंतु आज तक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ। विवाद गहराने पर कटघोरा के वर्तमान एसडीएम तनमय खन्ना नहर विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच कटघोरा में बकायदा एक आधिकारिक बैठक भी आयोजित हुई थी इस बैठक में अधिकारियों द्वारा जल्द ही समस्या के स्थायी निराकरण का भरोसा दिलाए जाने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित किया था ।

जेबीसीसीआई कमेटी गठन के लिए नहीं तैयार हुई श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सूची : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूरों का 11वां वेतन समझौते का मियाद 30 जून को खत्म होने जा रहा है और वहीं 12वां वेतन मान 1 जुलाई से लागू होना है परंतु अभी भी कोल इंडिया ने 12वां वेतन समझौता को संपन्न कराने के लिए जेबीसीसीआई कमेटी गठन करने के लिए श्रम संगठनों से प्रतिनिधित्व के लिए सूची नहीं मंगाया है जबकि कायदे से हर हाल में कोल इंडिया को कोयला मजदूरों का 12वां वेतनमान के लिए जेबीसीसीआई कमेटी का गठन 30 जून से पहले कर लेना चाहिए अन्यथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड कोल इंडिया को डिफॉल्ट घोषित कर सकती है।

दीपेश मिश्रा।

खास बात

- एक जुलाई से लाग होना है 12वां वेतन समझौता

इस संबंध में इंडियन माइंस वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोल इंडिया ने अपना पहला आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) में अपनी कुल चुकता पूंजी का 10 फीसदी हिस्सा बेचा था यह आईपीओ 2010 में आया था जिसके जरिए भारत सरकार ने 63,16,36,440 शेयर बेचकर 15 हजार 200 करोड़ जुटाए थे और और इसके साथ ही 4 नवंबर 2010 को कोल इंडिया भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ, उन्होंने बताया कि भारतीय शेयर बाजार में कोल इंडिया पिछले 15 वर्षों से एक मजबूत ब्रांड बना हुआ है और इसी तरह सेबी भारत में शेयर बाजार और कमोडिटी बाजार को नियंत्रित करने वाली सर्वोच्च संस्था है इस क्रम में जब कोई सूचीबद्ध कंपनी शेयर बाजार में अपनी देनदारियों या कर्ज तय समय पर चुकाने में विफल रहती है तो उस कंपनी को डिफॉल्ट माना जा सकता है यानी कि सेबी द्वारा किसी भी सूचीबद्ध कंपनी को डिफॉल्ट घोषित होने पर कठोर कार्रवाई होती है जैसे कंपनी की ट्रेडिंग को जेड श्रेणी मे डाल देना या निलंबन करना व प्रमोटरों के शेयर को फ्रिज करना तथा भारी आर्थिक जुर्माना और अंततः उस कंपनी को अनिवार्य रूप से डीलिस्टिंग की प्रक्रिया भी की जा सकती है इस संबंध मे दीपेश मिश्रा ने अंत में कहा कि कोल इंडिया जो कि एक प्रतिष्ठित कंपनी है उसको अपनी साख बचाने के लिए हर हाल में 30 जून से पहले जेबीसीसीआई कमेटी का गठन कर लेना चाहिए ताकि कोयला मजदूरों का 12 वेतन समझौता जल्द से जल्द संपन्न हो और कोल इंडिया भी अपने लायबिलिटीस से मुक्त हो सके।

हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुंटाकुड़ा निवासी प्रेम सिंह राठिया पिता सुखसिंह राठिया ने जमीन बंटवारे को लेकर वर्ष 2025 में प्रार्थी ईतवार सिंह राठिया और उसकी पत्नी जोलकुंवर घर में थे तभी दोपहर करीब 3 बजे के आस-पास उसके छोटे भाई का पुत्र प्रेम सिंह राठिया उसके घर के बाहर आकर दोनों पति-पत्नी को जमीन का बंटवारा दो कहकर गंदी-गंदी गाली देकर दरवाजा को डंडा से पीट रहा था तब प्रार्थी की पत्नी जोलकुंवर पुराना उप सरपंच नजीर सिंह को बुलाकर लाती हूं कहकर उसके घर चली गई। कुछ देर बाद हैंडपंप के पास से जोर से चिल्लाने की आवाज सुनकर प्रार्थी घर के पास पहुंचा तो उसने देखा कि जोल कुंवर की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्रेमसिंह राठिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी के न्यायालय में हुई और आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास व 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की।

एमबीबीएस इंटर्न्स के स्टाइपेंड बढ़ोतरी की मांग तेज

कोरबा। राज्य में एमबीबीएस इंटर्न्स को अगस्त 2023 से 15 हजार 900 रुपए प्रतिमाह का स्टाइपेंड दिया जा रहा है। अस्पतालों में इंटर्न्स के भारी कार्यभार और राष्ट्रीय औसत की तुलना में यह राशि काफी कम मानी जा रही है। इसी विसंगति को दूर करने और स्टाइपेंड में एक सम्मानजनक वृद्धि की मांग को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने एक राज्यव्यापी मुहिम की शुरुआत की है। स्टाइपेंड बढ़ोतरी की इस मांग को प्रदेश भर के मेडिकल छात्रों का पुरजोर समर्थन मिल रहा है। इस मुहिम के पक्ष में अब तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 6,468 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हो चुकी हैं। इस अभियान में प्रथम वर्ष के छात्रों से लेकर वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहे सभी बैच के छात्र एकजुट होकर शामिल हुए हैं।

जॉजगीर मार्केट
फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

ऊर्जा प्रगति की, संकल्प प्रकृति का...
DB Power Ltd
10 YEARS OF POWERING THE NATION
हमने प्रकृति से बहुत कुछ लिया है अब उसे लौटाने का समय है। स्वच्छ हवा, हरी धरती और सुरक्षित भविष्य यह किसी एक की जिम्मेदारी नहीं, हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है। आज लगाया गया एक पौधा, कल कई जिंदगियों की सांस बन सकता है। छोटे कदम, बड़े बदलाव लाते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं, प्रकृति को स्वस्थ बनाएं...

गिट्टी अनलोड करते समय ट्रक पलटा

कोरबा। मोतीसागर पारा क्षेत्र में बुधवार की दोपहर गिट्टी अनलोड करते समय एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह घटना ट्रक का संतुलन बिगड़ने से हुई। घटना के समय ट्रक चालक वाहन में ही मौजूद था, जो सकुशल है। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि, समय रहते स्थिति नियंत्रित हो गई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा ट्रक को हटाने की व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल इस घटना में ट्रक का चालक सुरक्षित है और किसी को भी कोई चोट या नुकसान नहीं हुआ है।

कार्यालय तहसीलदार बलौदा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
क्रमांक/24/तह./EWS/2026
बलौदा, दिनांक 27/5/2026
ईश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय कुमार तिवारी पिता श्री राजाराम तिवारी जाति ब्राम्हण ग्राम बलौदा पटवारी हल्का नं. 13 तहसील-बलौदा जिला जांजगीर चाम्पा ने अपने पुत्री अर्पणा तिवारी के ई.डब्लु.एस. प्रमाणपत्र बनवाने हेतु 1. आवेदनपत्र 2. अंकसूची 3. आधारकार्ड 4. निवास प्रमाणपत्र 5. आय प्रमाणपत्र. 6. शपथपत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/06/2026 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2026 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

दिनांक 27/05/2026
पेशी दिनांक 12/06/2026
तहसीलदार बलौदा
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता टीकाराम साहू पिता तुलसी राम जाति तेली निवासी ग्राम-रायकोना तहसील सरसींवा जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम किकिरदा, प.ह.नं. 09, रा.नि.म. व तहसील हसौद जिला सक्ती छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 929/1, 929/2, 929/3, 943/6 रकबा क्र. 0.259, 0.259, 0.259, 0.097 हे. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.874 हे. भूमि अवस्थित है उक्त भूमि को मेरे आसामी- सुमनलता पति संतोष खूंटे निवासी ग्राम बिर्रा, तहसील बम्हनीडीह, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा 19,98,000/- (उन्नीस लाख अंठानबे हजार रूपये) में किया जा चुका है जिसका अग्रिम बयाना राशि 6,00,000/- (छः लाख रूपये) नगद रकम विक्रेता को दिया जा चुका है। शेष राशि रजिस्ट्री के समय अदा किया जाएगा। उक्त खरीदी बिक्री में जिस किसी भी व्यक्ति बैंक, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था को दावा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।
भवदीय
जगदीश प्रसाद बंजारे
अधिवक्ता बम्हनीडीह
जिला - जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो. नं. 9617400182

(Declaration | Disclosure)
I, MOHAMMAD DANISH NAZAM ANSARI, son of Mr. ANJUM JAVED ANSARI, resident of Anjum Javed Ansari, **24/10**, Ward No. **24**, Station Road, Barpali Chowk, CHAMPA (C.G), aged about **27** years, do hereby solemnly affirm and declare as under:
1. That I am a alumnus of Delhi Public School, Janjgir-Champa, and I appeared in the CBSE Class X Board Examination in the year **2015** with Roll Number **6147269/2015.**
2. That in my CBSE Class X marksheet/certificate, my name was incorrectly recorded as MOHAMMAD DANISH ANSARI instead of my actual and correct name which is MOHAMMAD DANISH NAZAM ANSARI".

जरूरी नहीं है हर समय परफेक्ट होना : विक्की

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने पिछले दिनों पत्नी के ऊपर एक इंटरव्यू में एक जोक किया था। इस वजह से उन्हें काफी आलोचना का सामना भी करना पड़ा था। लोगों ने सवाल उठाया था कि विक्की को ऐसे नहीं बोलना चाहिए था। अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने इस पर रिएक्ट किया है। आलोचना का जवाब देते विक्की ने कहा कि किसी भी पब्लिक फिगर सेलेब के लिए हर समय परफेक्ट होना जरूरी नहीं है। विक्की ने कहा कि उनका इस बात पर कोई कंट्रोल नहीं है कि लोग उन्हें कैसे देखते हैं। एक्टर ने कहा- 'ये कोई जरूरी नहीं कि अगर आप पब्लिक फिगर हैं तो आपको हर समय परफेक्ट होना है।

लाइफ Style

ऋचा मत करो भिखारीपना हर जगह

जापान में एक भारतीय पर्यटक के चोरी करने की घटना वायरल हो गई है। इसे इन्वेस्टमेंट एडवाइजर मुथुकृष्णन धंदापानी ने ट्विटर पर शेयर किया था, जिन्होंने दावा किया कि वे भी उसी टूर ग्रुप का हिस्सा थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने इस रिपोर्ट पर रिएक्शन देते हुए एयरपोर्ट पर हुई एक घटना का ब्यौरा दिया है, जिसमें एक भारतीय परिवार उनसे पहले इमिग्रेशन लाइन में घुस गया था। ऋचा चड्ढा ने अपने एक्स अकाउंट पर इस खबर को दोबारा पोस्ट करते हुए अपना रिएक्शन बताया। उन्होंने लिखा, 'हर जगह ये भिखारीपन मत करो। सार्वजनिक जगहों पर खाना खाने के बाद जोर-जोर से डकार लेना, कूड़ा फेंकना, धक्का-मुक्की करना, लाइन तोड़ना, जोर-जोर से चिल्लाना और भीड़ में नाचना! छी!' एक भारतीय परिवार हमारे आगे इमिग्रेशन लाइन में घुस गया। मैंने उनसे इस बारे में बात की - तो वे भड़क गए, लेकिन फिर भी आगे बढ़ते रहे। अगले ही पल एक गोरे आदमी ने उनसे इस बारे में बात की और वे बेशर्मी से मुस्कुराए। आप हम सभी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए हम बाकी लोग आपको जाहिल कहते रहेंगे। इसी बीच, जापान मेंदुकान से सामान चोरी करने की घटना की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। धंदापानी के मुताबिक, एक ग्रुप ट्रिप के दौरान एक भारतीय महिला स्मृति चिन्ह की दुकान से सामान चुराते हुए पकड़ी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारे ग्रुप में शुरू से ही एक महिला चोरी कर रही थी। हमें इसकी जानकारी नहीं थी।

हॉलीवुड मसाला

द एंड ऑफ द... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। ऐनी हैथवे और इवान मैकग्रेगर की आनेवाली नई फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर फाइनली रिलीज हो चुका है। एक रात, एक रहस्यमयी घटना के साथ ही ओक स्ट्रीट की दुनिया पूरी तरह बदल गई। अब सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी वही दहशत है। ऐन हैथवे और इवान मैकग्रेगर की अपकमिंग फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जहां सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी दहशत है।

इदरीस एल्बा को मिला नाइटहुड का सम्मान

लॉस एंजिल्स। अभिनेता इदरीस एल्बा को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह समारोह विंडसर कैसल लंदन में 2 जून को आयोजित हुआ था। इस खास मौके पर एल्बा के अलावा कई हस्तियों को भी सम्मानित किया। इनमें जेन टोरविल, क्रिस्टोफर डीन, मीरा स्याल भी शामिल थीं। हाइजैक स्टार इदरीस एल्बा को किंग चार्ल्स ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। लंदन में समारोह में राजा चार्ल्स ने कार्यकर्ता, संगीतकार, और अभिनेताओं को नाइट की उपाधि से सम्मानित किया। इसी मौके पर एड्रिस को युवाओं के लिए उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए नाइटहुड इस सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद एड्रिस एल्बा ने सोशल मीडिया पर राजपरिवार के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'हम इसके लिए आभारी हैं। हमारा काम इसी तरह चलता रहेगा।

भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का ट्रेलर जारी हो गया है। यह फिल्म 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दौरान कामा अस्पताल में घटी सच्ची घटनाओं और वहां की नर्स की बहादुरी और उनकी मेहनत की अनसुनी कहानी को बताती है। यह फिल्म उस रात की कहानी है जब अस्पताल के अंदर फंसे लगभग 400 लोगों की जान बचाने के लिए मेडिकल स्टाफ ने अपनी जान दांव पर लगा दी थी। 2 मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत की कामा अस्पताल में और मुंबई में बाकी इलाकों में हुए आतंकी हमले के साथ होती है। इस ट्रेलर में नर्स के जीवन के बारे में दिखाया गया है। समाज में उन्हें किस नजर से देखा जाता है और लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। लेकिन, फिल्म का प्रमुख केंद्र 2008 में कामा अस्पताल पर हुए आतंकी हमले पर आधारित है।

बनियान और शॉर्ट्स में पहुंचे मंदिर...

मुंबई। एक्टर वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' बस दो दिन बाद रिलीज होने वाली है और इसकी पूरी कास्ट बेसब्री से इसका इंतजार कर रही है। फैंस भी बहुत एक्साइटेड हैं। इन सबके बीच, अपनी फिल्म की रिलीज से पहले वरुण मंदिर दर्शन के लिए गए। वो काफी जल्दी में लग रहे थे और उन्होंने अकेले ही दर्शन किया। लेकिन उनकी एक गलती ने उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। मंदिर में वरुण के कपड़ों को देखकर उनकी भद पिट रही है। मंगलवार की सुबह वरुण धवन को मंदिर दर्शन करके वापस आते हुए देखा गया। उन्होंने गंजी और शॉर्ट्स पहना हुआ था। उनके माथे पर टीका भी लगा था। वरुण जल्दी में लग रहे थे। उन्होंने आते ही अपने जूते स्टैंड से निकाले और लेकर बाहर जाने लगे। लोगों ने इस वीडियो पर ढेर सारे कमेंट किए हैं।

टीवी मसाला

महाभारत की गांधारी ने मां बाप के लिए कुर्बान की जिंदगी

नई दिल्ली। रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' की तरह ही 80 के दशक में बी.आर. चोपड़ा की 'महाभारत' ने तहलका मचाया था। इसका भी हर कलाकार अपने निभाए किरदार के लिए हमेशा के लिए 'अमर' हो गया। हालांकि, इसके कुछ कलाकार अब जहां एक्टिंग छोड़ चुके हैं, तो कुछ इस दुनिया को अलविदा कह गए। वहीं, कुछ विदेश में बस गए। लेकिन, यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जिसने बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' में दुर्योधन की मां गांधारी का किरदार निभाया था। यह थीं रेणुका इसरानी, जिन्होंने टीवी पर कई और शोज किए, पर 'गांधारी' बनकर खूब नाम कमाया। लेकिन अफसोस कि रेणुका इसरानी को बाद में एक्टिंग छोड़नी पड़ी। वह 15 साल से शोबिज और एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं। यही नहीं, रेणुका इसरानी अब 59 साल की हो चुकी हैं, पर अकेली ही हैं। उन्होंने शादी भी नहीं की। इसकी वजह भी एक्ट्रेस ने एक बार एक इंटरव्यू में बताई थी। उन्होंने बताया था कि उनके माता-पिता बहुत बुजुर्ग हैं, जिन्हें लगातार देखभाल की जरूरत है। उनके पिता बोल नहीं सकते और सिर्फ साइन लैंग्वेज ही समझते हैं। इसलिए रेणुका ने उनकी खातिर एक्टिंग से दूरी बना ली थी। पर कुछ साल बाद उनके पैरेंट्स चल बसे और एक्ट्रेस अकेली रह गईं। रेणुका इसरानी ने कभी शादी भी नहीं की और इसकी एक अहम वजह उनके पैरेंट्स ही रहे। उन्हें अकेला न छोड़ना पड़े, इसलिए रेणुका कुंवारी ही रहीं और अब 59 साल की उम्र में भी वह कुंवारी ही हैं। वह अब बौद्ध धर्म की अनुयायी हैं और मुंबई के लोखंडवाला में लोगों को बौद्ध धर्म के प्रति जागरुक करती हैं।

क्या शुभमन की बहन हैं शहनाज?

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 13' में सबका दिल जीतने वाली शहनाज गिल ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक मजेदार 'आस्क मी एनीथिंग' गेम खेला। इसमें उन्होंने अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। सबसे ज्यादा ध्यान तब गया जब क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन कहे जाने पर उन्होंने मजेदार रिएक्शन दिया। जब एक फैन ने उनसे पूछा, 'क्या आप शुभमन गिल की बहन हैं?' शहनाज का जवाब सीधा तो नहीं था, लेकिन मजेदार जरूर था।

शहनाज गिल ने जवाब दिया, 'फैमिली ग्रुप चेक करके बताती हूं।' सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते ही फैंस ने इस पर जमकर रिएक्ट किया। एक और स्टोरी में उन्होंने युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की भी तारीफ की और उन्हें अपना 'फेवरेट' बताकर सपोर्ट दिखाया। एक नेटिजन ने उनसे विराट कोहली के अलावा उनके पसंदीदा क्रिकेटर के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, 'वैभव सूर्यवंशी।'

बीमारी की वजह से रामचरण की फिल्म पेद्दी छोड़ने वाले थे शिवा

मुंबई। तेलुगु फिल्म पेद्दी में रामचरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक अहम किरदार शिवा राजकुमार भी निभा रहे हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया की वह पेद्दी को शुरुआत फेज में ही छोड़ने वाले थे। 'पेद्दी' का प्रमोशन स्टार कास्ट जोर-शोर से कर रही है। चेन्नई में भी फिल्म का एक प्रमोशनल इवेंट हुआ। इस दौरान अभिनेता शिवा राजकुमार ने भावुक करने वाली बात फैंस को बताई। इस फिल्म से जुड़ने के सफर का जिक्र किया। पेद्दी को वह अपने कॅरियर की एक खास फिल्म मानते हैं।



चेन्नई के इवेंट में शिवा राजकुमार ने कहा, फिल्म पेद्दी की टीम बस मेरे साथ यह मूवी करना चाहती थी। जब बुची बाबू ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तो मुझे इसका सब्जेक्ट बहुत पसंद आया। उस दिन मैंने राम चरण से भी बात की थी। उसके बाद बदकिस्मती से मुझे कैंसर का पता चला और मुझे इलाज के लिए यूएस जाना पड़ा।' शिवा आगे कहते हैं, 'मैंने सोचा था कि फिल्म छोड़ देता हूं ,लेकिन बुची बाबू ने कहा कि वे मुझे ही फिल्म में देखना चाहते हैं। यह उनकी बहुत अच्छी बात थी और उन्होंने काफी लंबे समय तक मेरा इंतजार किया।'इस बात के लिए शिवा राजकुमार ने निर्देशक को शुक्रिया कहा। इवेंट में राम चरण ने भी शिवा की खूब तारीफ की। इस फिल्म में शिवा का कैमियो है। एक सीन के बारे में रामचरण ने बताया, जिसे वह आज भी नहीं भूलते हैं। शिवा की मौजूदगी ने उस सीन को यादगार बना दिया था। वह कहते हैं, 'जब शिवा कार में जाते हैं और सिगरेट वाला वह स्लो मोशन शॉट चलता है तो वे सीन आइकॉनिक बन जाता है। सच में इनकी आंखें बहुत कुछ बयां करती हैं।' रामचरण स्टारर फिल्म पेद्दी 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में देव्येंदु और जान्हवी कपूर के अलावा बोमन ईरानी जैसे बॉलीवुड एक्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म को बुची बाबू सना ने निर्देशित किया था।

रातों-रात बन गईं थीं पूरे देश की क्रश, फिर हुआ कुछ ऐसा कि चली गई याददाश्त...

नई दिल्ली। 90 के दशक की शुरुआत में अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार सफलता के दम पर यह एक्ट्रेस पूरे देश की सबसे बड़ी क्रश बन गई थीं। लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ, जिसने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। यह कहानी है अनु अग्रवाल की, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया था। साल 1990 में आशिकी रिलीज हुई, जिसे महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल ने डेब्यू किया और दोनों ही एक झटके में सुपरस्टार बन गए। फिल्म की कहानी और दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन इसका म्यूजिक सबसे ज्यादा हिट रहा।नदीम-श्रवण के गानों ने इतिहास रच दिया और कुमार सानू जैसे सिंगर्स को भी नई पहचान मिली। नजर के सामने, धीरे-धीरे से, मैं दुनिया भुला दूंगा जैसे गाने आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।

पहली फिल्म के बाद नहीं मिली सफलता : फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद अनु ने किंग अंकल, खल-नाइका, जनम कुंडली और रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ जैसी फिल्मों में काम किया। लेकिन उनकी कोई भी फिल्म आशिकी जैसी सफलता नहीं दोहरा पाई।

कलर की वजह से हुई ट्रोलिंग : अनु ने बाद में यह भी बताया कि उस समय इंडस्ट्री में उनके डस्की लुक की वजह से उन्हें काफी ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। एक बार तो उन्होंने एक मॉडलिंग असाइनमेंट छोड़ दिया क्योंकि उन पर गोरा मेकअप किया जा रहा था। उन्होंने साफ कहा था- 'अगर आपको मैं जैसी हूं वैसी पसंद हूं तो ठीक, नहीं तो कोई बात नहीं।'

एक एक्सिडेंट से बदल गई जिंदगी : फिर साल 1999 में उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई। उनका एक भयानक कार एक्सीडेंट हुआ, जिसमें वह 29 दिनों तक कोमा में रहीं। इस हादसे के बाद उनकी याददाश्त चली गई और उन्हें जिंदगी की बुनियादी चीजें भी दोबारा सीखनी पड़ीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि जब उनकी मां ने उन्हें आशिकी दिखाई, तो वह खुद को पहचान भी नहीं पाईं।

आशा बोलीं- भारी भीड़ की वजह से हम नाव में नहीं चढ़ सके

कटी पतंग की शूटिंग के दौरान लोग करने लगे पत्थरबाजी

नई दिल्ली। *हिंदी सिनेमा की सीनियर एक्ट्रेस आशा पारेख हाल ही में म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में नजर आईं। उन्होंने होस्ट हर्ष लिंबाचिया के साथ मिलकर कल्ट क्लासिक फिल्म 'कटी पतंग' के मशहूर गाने 'जिस गली में तेरा घर' को फिर से पेश किया। स्पेशल रीक्रिएशन के बाद, आशा पारेख ने सुपरस्टार राजेश खन्ना वाले गाने के ओरिजिनल शूट का एक दिलचस्प बिहाइंड-द-सीन्स किस्सा शेयर किया। इस यादगार अनुभव के बारे में बात करते हुए, आशा पारेख ने कहा, 'इस गाने के लिए हम नैनीताल गए थे शूटिंग करने। उस समय राजेश खन्ना फिर झील तक पहुंचे और नाव में बैठना था, लेकिन इतनी भीड़ हो गई कि हम नाव में भी चढ़ नहीं पाए।' इस गाने के लिए हम नैनीताल गए थे शूटिंग करने। उस समय राजेश खन्ना फिर झील तक पहुंचे और नाव में बैठना था, लेकिन इतनी भीड़ हो गई कि हम नाव में भी चढ़ नहीं पाए।*

भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि कैसे भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी। उन्हें राजेश खन्ना जी से मिलने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। हम पर इतने पत्थर आने लगे कि हम सोचने लगे, ये क्या हो रहा है?' भीड़ ने शूटिंग लोकेशन पर अफरा-तफरी मचा दी थी। उन्हें राजेश खन्ना जी से मिलने का मौका नहीं मिला तो उन्होंने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। हम पर इतने पत्थर आने लगे कि हम सोचने लगे, ये क्या हो रहा है?

सुरक्षा कारणों के चलते शूट रोक दी गई

उन्होंने आगे कहा कि फिल्ममेकर शक्ति सामंत के पास सुरक्षा कारणों के चलते शूट रोकने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं था। डायरेक्टर शक्ति सामंत ने कहा कि इस तरह से शूटिंग नहीं हो सकती है, तो उस दिन हमें पैक अप करना पड़ा। फिर यह गाना तब सूट किया गया, जब काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक

'कटी पतंग' की बात करें तो, 1971 में रिलीज हुई यह फिल्म हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म को राजेश खन्ना के करियर में भी एक मील का पत्थर माना जाता है, जिन्हें अक्सर बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार कहा जाता है।

'यह जो मोहब्बत है' जैसे सदाबहार गाने थे

शक्ति सामंत के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में राजेश खन्ना के साथ आशा पारेख थीं। फिल्म की कहानी प्यार, कुर्बानी, पहचान जैसी विषयों को छूने वाली थी। इसके यादगार साउंडट्रैक में 'यह शाम मस्तानी', 'प्यार दीवाना होता है' और 'यह जो मोहब्बत है' जैसे सदाबहार गाने थे, जो रिलीज के 55 साल बाद भी लोगों को पसंद आ रहे हैं।

खबर संक्षेप

पक्की नाली के 2 मीटर के अंतराल में बनाई जा रही दूसरी नाली

मालखरौदा। टेमर से छपोरा तक 54 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। चौड़ीकरण से पहले पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा गांव गांव में पक्की नाली बनाया जा रहा है लेकिन अमनदुला में कृषि उपज मंडी परिसर के सामने जिस जगह पक्की नाली बनाया जा रहा है उसके बगल में 2 साल पहले ग्राम पंचायत द्वारा पक्की नाली बनाया गया था। ऐसे में मुश्किल से 2 मी मी के अंतराल में एक ही जगह पर दूसरी नाली बनाया जाने का क्या औचित्य है यह ग्रामीणों को समझ में नहीं आ रहा है। लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से सोल्डर से सटाकर नाली बनाया जा रहा है उसकी जरूरत ही नहीं था, क्योंकि सड़क का पानी ऑलरेडी पहले से ही बने नाली में जाता था। ऐसे में कुछ मीटर के अंतराल में दूसरी नाली बनाया जाना सीधा-सीधा शासकीय राशि का दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं है। लोगों का कहना है पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर एसडीओ लगातार सड़क निर्माण का निरीक्षण कर रहे हैं बावजूद उन्हें भी यह गड़बड़ी नजर नहीं आ रहा है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ एस एस टांडे ने बताया कि निरीक्षण के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रीय महासभा के डॉ श्याम चंद्रा बने संयुक्त मंत्री

सक्ती। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रीय महासभा के अनुमोदन उपरांत डॉ श्याम चंद्रा सक्ती को राष्ट्रीय युवा कार्यकारिणी में राष्ट्रीय युवा संयुक्त मंत्री बनाया गया है। डॉ श्याम चंद्रा बीसीएस गरीबों का निःशुल्क हॉस्पिटल सक्ती के डायरेक्टर एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला सक्ती के संयोजक है।

किसान स्कूल में सीड बॉल अभियान का शुभारम्भ आज

बहेराडीह। बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल में सब्जी, फल फूल की बीजों से सीड बॉल बनाई गई है, जिसका वितरण लोगों को 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे किया जाएगा। इसके साथ ही सीड बॉल अभियान का शुभारम्भ होगा। इस अभियान में किसान, स्कूली बच्चे, बिहान की दीदियां, सामाजिक संगठन के लोग और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि सीड बॉल पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम है। वर्षा ऋतु में सीड बॉल अभियान चलाकर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जा सकता है। इस अभियान का शुभारम्भ आज 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुबह 10 बजे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह से किया जाएगा। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि सीड बॉल बनाने के लिए उपजाऊ मिट्टी, गोबर या वर्मी कम्पोस्ट, सब्जी, फल या फूल की बीज और पानी जरुरत होती है. इसे बनाने के लिए सबसे पहले 5 भाग मिट्टी 2 भाग गोबर या वर्मी कम्पोस्ट आवश्यक मात्रा में बीज का मिश्रण करके गेंद बनाकर दो दिन छाया में सुखाना होता है और बारिश के मौसम में खेत, जंगल, पहाड़ी या खाली भूमि पर फेकना होता है. इसके लिए नीम, आम, जामुन, तेन्दु, करंज, गुलमोहर, इमली, मुनगा, व अन्य बीज शामिल कर सकते हैं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि यह एक छोटी गेंद होती है, जिसे मिट्टी, गोबर वर्मी कम्पोस्ट और बीज मिलाकर बनाई जाती है। इसका उपयोग पौधों और पेड़ों के बिजों को सुरक्षित तरीके से उगाने के लिए किया जाता है।

पर्यावरण में सीड बॉल का महत्व-किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि पर्यावरण में सीड बॉल का बहुत ही बड़ा महत्व है. जैसे वनों की वृद्धि, मिट्टी संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण, वायु शुद्धिकरण, जलवायु परिवर्तन नियंत्रण, कम लागत एवं आसान तकनीक आदि शामिल है, वहीं इसके लाभ के बारे में बताया कि पौधों की सुरक्षा बढ़ती है. पक्षियों और चीटियों से बीज सुरक्षित रहतीं है।

निधन

बलभद्र प्रसाद राठौर

जाजंगीर-चांपा। ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक बलभद्र प्रसाद राठौर का बुधवार 3 जून को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 4 जून को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पर्यावरण दिवस पर विशेष : सुरक्षित नहीं, जल, जंगल और जमीन, वातावरण में जहर घोल रहा राखड़

पर्यावरण संरक्षण को लेकर ठोस पहल की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले में पर्यावरण संतुलन को लेकर चाहे जितने भी दावे किए जाते हो, लेकिन एक ओर जहां मुट्ठीभर वन संपदा और प्राकृतिक जल स्त्रोत संरक्षित नहीं है तो वहीं दूसरी ओर औद्योगिकीकरण की होड़ में फैक्ट्रियों से निकलने वाले धुएं और अपशिष्ट पदार्थ ने पर्यावरण को पूरी तरह से प्रदूषित कर दिया है। खास करके उद्योगों से निकलने वाले राखड़ वातावरण में जहर घोल रहा है।

अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 4 लाख 46 हजार 674 वर्ग किलोमीटर है। यहां की आबादी लगभग 20 लाख पहुंच चुकी है। यहां वन क्षेत्र मात्र 5 प्रतिशत है और उसे भी वन अमला सहेज नहीं पा रहा है। जंगलों में पेड़ों की कटाई निर्बाध गति से जारी है। पौधरोपण तो किया जाता है, लेकिन पौधे लगाने के बाद जिम्मेदार लोग पलट कर नहीं देखते। इधर औद्योगिक इकाइयों के बढ़ने से यहां का वातावरण प्रदूषण के प्रभाव से घिर गया है। उद्योगों की स्थापना के बाद धुएं से प्रदूषण फैल रहा है। इसके आलावा जहां तहां डंप किए जा रहे फ्लाइ एश भी प्रदूषण फैला रहे हैं। जांजगीर शहर के आसपास छोटी-बड़ी आधा दर्जन फैक्ट्रियों से जो धुआं निकल रहा है उससे रात में सुखाए गए सफेद कपड़े काले होने लगे है। उल्लेखनीय है कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसका मकसद बदलते परिदृश्य के बीच लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। साल 1972 में पहली बार 5 जून को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था, जिसके बाद हर साल इसी तारीख को यह खास दिन मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है, लेकिन इसके बाद सभी अपनी जिम्मेदारी भूल जाते हैं।

बलौदा स्थित छाता जंगल।

वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर गंभीर नहीं लोग

भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए शासन की रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की योजना नगर पालिका में सिर्फ शुल्क जमा कराने तक सिमट गई है। योजना लागू हुए दो दशक होने को है। इस दौरान हजारों मकान बने पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाए गए। तेजी से गिरते भू-जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने अगस्त 2006 में सभी नगरीय निकायों को आदेश दिए थे कि 140 वर्गमीटर से अधिक कवर्ड एरिया पर नए निर्माण कार्य की अनुमति देने के साथ रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की फीस भी जमा कराई जाए। भवन निर्माण के बाद वहां वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए। व्यवस्था यह भी है यदि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भवन स्वामी स्वयं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा लें और इसका प्रमाण प्रस्तुत करें तो जमा कराई गई राशि वापस कर दी जाए। लोग हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए पालिका में शुल्क तो जमा करते हैं लेकिन सिस्टम बनवाने पर ध्यान नहीं देते।

मुट्ठीभर जंगल को नहीं संभाल पा रहा अमला

जिले में वन क्षेत्र सिमित है, लेकिन इसे भी संरक्षित कर पाने में वन विभाग नाकाम है। बलौदा क्षेत्र में छाता जंगल में पेड़ों की कटाई निर्बाध गति से हो रही है। अकलतरा-पकरिया क्षेत्र के जंगल पर संकट के बादल छा गए है। इसी तरह सक्ती में भी पेड़ों की कटाई होती रहती है। कुछ वर्षों पहले खिसोरा, पंतोरा, बेलटुकरी, कंडरा, चारपारा, सोनगुढ़ा सहित लगभग सैकड़ों गांवों के आसपास बड़ी संख्या में साल, सागौन, बीजा, तेंदू, घावड़ा, तिन्सा, हल्दू, आंवला, चार, बांस के पेड़ थे, लेकिन लकड़ी चोरों द्वारा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जिले के कई जंगल उजड़ गए हैं।

जिले में पर्यावरण कार्यालय की दरकार

जिले में दर्जन भर छोटे बड़े उद्योग संचालित है। इसके अलावा क्रशर उद्योग भी है। उद्योगों से पर्यावरण नियम का पालन कराना पर्यावरण संरक्षण मंडल की जिम्मेदारी होती है। जिले में पर्यावरण का कार्यालय अब तक नहीं खुल सका है। ऐसे में उद्योग प्रबंधकों की मनमानी जारी है। उद्योगों से निकलने वाले राखड़ का जगह जगह पर नियम विरूद्ध भंडारण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी वाले स्थानों पर राखड़ पाटे जा रहे है। इससे ग्रामीणों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है।

कुंए और तालाब लड़ रहे अस्तित्व की लड़ाई

जिले में प्राकृतिक जल स्त्रोत अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। तकरीबन सात हजार तालाबों में से अधिकतर तालाबों का हाल बेहाल है। शहर में ही दर्जनों कुएं और बावलीं इतिहास बनकर रह गए है। सुविधा की चाहत में कुएं का उपयोग पूरी तरह बंद हो गया है। बोर से भू जल का दोहन किया जा रहा है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के निस्तारी का एक प्रमुख साधन तालाब है, लेकिन वर्तमान में सरंक्षण एवं रख-रखाव के चलते तालाबों के अस्त्वि खतरे में है। इधर कुओं के रखरखाव के लिए लोगों को उदासीन बना दिया है। कई कुएं कूड़ेदान में तब्दील होते जा रहे हैं।

तमिलनाडु से मुक्त कराए गए श्रमिकों की सकुशल हुई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

तमिलनाडु राज्य के तिरुवल्लूर जिले से मुक्त कराए गए जांजगीर-चांपा जिले के 41 श्रमिक एवं उनके परिवारजन सुरक्षित रूप से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की टीम द्वारा स्टेशन पहुंचकर सभी श्रमिकों से मुलाकात की गई तथा उनका हालचाल जाना गया। श्रम पदाधिकारी समीर मिश्रा ने बताया जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। सभी श्रमिकों को भोजन उपलब्ध कराने के उपरांत उनके गृह ग्राम तक पहुंचाने हेतु विशेष बस सुविधा उपलब्ध कराई गई। उल्लेखनीय है कि जिले के बलौदा और अकलतरा क्षेत्र के श्रमिकों को तमिलनाडु राज्य के तिरुवल्लूर जिले अंतर्गत देवांद्वकाम ग्राम में कार्य करने के दौरान बंधक बना लिया गया था। वहीं उन्हें उचित मजदूरी भी नहीं दी जा रही थी। मामले की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने तत्काल तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिला प्रशासन एवं स्थानीय अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर श्रमिकों के बारे में जानकारी ली। इसके बाद तिरुवल्लूर जिला प्रशासनद्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 41 श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया तथा श्रमिकों को भोजन, यात्रा टिकट एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। साथ ही सभी को ट्रेन से घर के लिए रवाना किया गया।

खास बात

- बिलासपुर स्टेशन पहुंचकर अधिकारियों ने जाना हालचाल, बसों से गृह ग्राम के लिए किया रवाना

सात साल से निःशुल्क समर कैंप चला रहीं शिक्षिका खेल-खेल में बच्चों को दे रहीं बुनियादी शिक्षा का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका ममता जायसवाल पिछले 7 सालों से ग्रीष्मावकाश में समर कैंप का आयोजन कर इसे सीखने का सुनहरा अवसर बना रही हैं। वे अपने घर पर निःशुल्क समर कैंप लगाकर गांव के बच्चों की प्रतिभा को नया आयाम दे रही हैं। समर कैंप से ग्रामीण बच्चों की छिपी प्रतिभा और हुनर को निखार रही है ।

ममता का मानना है कि हर बच्चे में कोई न कोई हुनर छिपा होता है, बस उसे पहचानकर मंच देना जरूरी है। इसी सोच के साथ शुरू हुआ ये समर कैंप अब गांव के बच्चों के लिए पहचान बन चुका है। कैंप में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं ड्राइंग, पोस्टर निर्माण, चित्रकला, नृत्य, नाटक, कहानी-निबंध लेखन, हस्तलिपि लेखन और योग जैसी विधाओं में हाथ आजमा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए कबाड़ से जुगाड़ गतिविधि बच्चों में रचनात्मक सोच और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दोनों विकसित कर रही है। मिट्टी के खिलौने बनाकर बच्चे न सिर्फ कला सीख रहे हैं,

बल्कि अपनी कल्पना को भी आकार दे रहे हैं। खेल के जरिए गणित और भाषा की नींव मजबूत हो रही है पारंपरिक पढ़ाई को बच्चों के लिए बोझ न बनाकर ममता ने उसे खेल का रूप दिया है। उनके नवाचारी गणितीय खेल बच्चों में खासे लोकप्रिय हैं। संख्याओं का पिटारा से संख्या पहचान, तीसरा कौन से तार्किक सोच, कौन बड़ी कौन छोटा से तुलना का ज्ञान, कैलेंडर से दोस्ती से समय की समझ और सेंचुरी बनाओ से जोड़-घटाव की प्रैक्टिस हो जाती है। बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में ही बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान सीख रहे हैं। समर कैंप में बच्चों को अनुशासन, समय की पाबंदी, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसे जीवनोपयोगी गुण भी सिखाए जा रहे हैं।

विशेष आधार शिविर का आयोजन कल

जांजगीर-चांपा। भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 23 भाटापारा ग्रीन रिवर वैली स्कूल के पास जांजगीर में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान करने हेतु विशेष आधार शिविर का आयोजन शनिवार 6 जून को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में समस्त आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार, अपडेशन (पता, मोबाईल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट का कार्य करवा सकते हैं। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अतिआवश्यक है। शिविर में अपने बच्चों का भी निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित स्वयं और अपने बच्चों का आधार अपडेशन व एनरोलमेंट कराने अपील की गई है।

संगठन सशक्तिकरण, वैचारिक प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भाजपा जिला सक्ती का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 2 एवं 3 जून को कृष्ण पैलेस डभरा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

- भाजपा जिला सक्ती के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ता विकास, विचारधारा, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया, आईटी एवं एआई, बूथ प्रबंधन तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ नेताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र में जिला अध्यक्ष सक्ती टिकेश्वर सिंह गबेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, जिले के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता, संगठन की विकास यात्रा एवं भाजपा की वैचारिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने की। प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में "छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर" विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवरतन शर्मा ने राज्य की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक मूल्यों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। सत्र की अध्यक्षता रामावतार अग्रवाल ने की। इसके पश्चात तृतीय सत्र में "मीडिया प्रबंधन" विषय पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कृष्ण कान्त चंद्रा ने संगठन के प्रभावी संवाद, जनसंपर्क एवं मीडिया की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्षता हेतराम देवांगन जी ने की। चतुर्थ सत्र में कार्यकर्ता विकास – गुण, आचरण एवं दायित्व बोध विषय पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. खिलावन साहू ने की। पंचम सत्र में "कार्य विस्तार" विषय पर धमतरी महापौर जगदीश रामू रोहरा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने प्रकाश डाला और जनसंपर्क बढ़ाने के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व सांसद गुहाराम अजगल्ले ने की। षष्ठम व्यवहारिक सत्र में लाभार्थी संपर्क, सोशल मीडिया, आईटी एवं एआई, मातृशक्ति समूह, कार्यालय एवं कोष प्रबंधन, मीडिया प्रबंधन तथा नैरेटिव निर्माण जैसे विषयों पर समूहवार चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। इस दौरान जिला संगठन प्रभारी मनोज शर्मा एवं जिला संगठन सहप्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने संगठनात्मक कार्यशैली पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस की शुरुआत योग एवं प्रार्थना से हुई। सप्तम सत्र में "स्थायी कार्यक्रम – बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं आईटी" विषय पर प्रदेश आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई ने आधुनिक तकनीक के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने पर जोर दिया। अध्यक्षता संपूर्णानंद मिश्रा ने की। इसके पश्चात अष्टम सत्र में "सोशल मीडिया का उपयोग, नई तकनीक एआई एवं प्रभावी सूचना तंत्र विषय पर मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण में शामिल भाजपा पदाधिकारी।

सरपंच, सचिव व रोजगार सहायकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

पंचायती राज संस्थाओं के ग्राम सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,मितानिन, शिक्षक का पंचायत विकास योजना विषय पर ग्राम पंचायत का एकदिवसीय प्रशिक्षण 2 जून से 19 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद पंचायत मालखरौदा की सभा कक्ष में दिया जा रहा है।

यहां प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वरिष्ठ कारण रोपण अधिकारी देवलाल बंजारे द्वारा बताया गया कि टैक्स वसूली के अनिवार्यता जैसे संपत्ति कर, वैकल्पिक कर, अन्य फीस ,तालाब लीज, तालाब ठेका ,बाजार टैक्स ,टावर स्थापना एवं नवीनीकरण शुल्क, अविवादित नामांतरण, भवन शुल्क, जाति निवास, नल कनेक्शन, सबल/प्रबल करने के लिए प्रत्येक परिवार को 1200 रुपए टैक्स भरने के लिए प्रोत्साहित करने प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा 9 थीम गरीबी मुक्त से लेकर सबल/प्रबल पंचायत बनने तक विस्तार पूर्वक बातें बताया गया तो ब्लॉक के 5 पंचायत को मॉडल पंचायत तैयार करने के विषय पर जानकारी दिया गया जिसमें गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत ,पारिस्थितिक तंत्र, स्वच्छ एवं हरियाली, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त, सामाजिक सुरक्षा युक्त ग्राम, सुशासन युक्त ,लैंगिक समतुल्यता इन नौ बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में करारोपणअधिकारी कचरू राम गोड तथा मास्टर ट्रेनर विजेंद्र जोलहे ने भी जानकारी साझा किया ।

प्रशिक्षण में जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उत्कृष्ट साहस का कार्य किया हो वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

अशासकीय विद्यालय संघ ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

पूर्ण लगन व निष्ठा से कार्य करने पर मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

अशासकीय विद्यालय संचालक संघ नवागढ़ ब्लाक के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार 4 जून को किया गया। कार्यक्रम में 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को संगठन के द्वारा मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार देवांगन (सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में आनंद पाण्डेय, डॉ. कमलेश पाण्डेय उपस्थित रहे। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने 10वीं व 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने की सलाह दी। आनंद पाण्डेय ने बच्चों को पूर्ण लगन एवं निष्ठा से कार्य करने की बात कही। कमलेश पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को अथक प्रयास ही सफलता की कुंजी है। धनेश मिरी ने बच्चों को मोबाईल से दूर रहने की सलाह दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते संगठन के अध्यक्ष डी.आरण कश्यप ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण भविष्य में पढ़ाई की महत्व पर प्रकाश डाला। श्री पाणीग्राही ने फोर टी ऑफ सक्सेस (सफलता के चार मूलमंत्र) पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संघ पदाधिकारी रामकुमार पटेल, भुवनेश्वर चौबे, जितेन्द्र कश्यप, संतोष कश्यप, अभय पाण्डेय एवं संघ के सभी स्कूल संचालक एवं छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभय पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन एस.डी. कॉलेज के संचालक डॉ. कमलेश पाण्डेय के द्वारा किया गया।

सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।